# जयपुर विकास प्राधिकरण,जयपुर।

## कार्यवाही विवरण

भवन मानचित्र समिति (ले आउट प्लान) की 126 वीं बैठक दिनांक 08.05.2009 को आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन सर्वसम्मति से किया गया। एजेण्डा संख्या 2 से 4 वरिष्ठ नगर नियोजक (बीपीसी) द्वारा तथा अतिरिक्त एजेण्डा संख्या 1 वरिष्ठ नगर नियोजक (प्रोजेक्ट) द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यवाही विवरण की पुष्टि बीपीसी (एलपी) की आगामी बैठक में की जावेगी।

---

बैठक में समिति के निम्न सदस्यों ने भाग लिया।

1. श्री ललित कुमार गुप्ता सचिव, जविप्रा, जयपुर।
2. श्री पी. के. पाण्डे, निदेशक (आयोजना), जविप्रा, जयपुर।
3. श्री एन. एल. मीणा अति. आयुक्त (पूर्व), जविप्रा, जयपुर।
4. श्रीमती सीमा सिंह, अति. आयुक्त (पश्चिम), जविप्रा, जयपुर।
5. श्रीमती दुर्गा जोशी, अति. आयुक्त (भूमि एवं आवाप्ति) जविप्रा, जयपुर।
6. श्रीमती लवंग शर्मा, वरिष्ठ नगर नियोजक (बीपीसी), जविप्रा, जयपुर।
7. श्री मोहन टावरी, वरिष्ठ नगर नियोजक (प्रोजेक्ट) एवं सदस्य सचिव, जविप्रा, जयपुर।

बैठक में निम्न अधिकारी उपस्थित थे–

1. श्री एम. एस. राठौड, उपायुक्त जोन--1, जविप्रा, जयपुर।
2. श्री पोखरमल, उपायुक्त जोन--3, जविप्रा, जयपुर।
3. श्री हनुमान ढाका, उपायुक्त जोन--5, जविप्रा, जयपुर।
4. श्री हृदेश शर्मा, उपायुक्त जोन--9, जविप्रा, जयपुर।
5. श्री अजय असवाल,, उपायुक्त जोन--10, जविप्रा, जयपुर।
6. श्रीमति साधना शर्मा, उप नगर नियोजक (एलपी) जविप्रा, जयपुर।
7. श्री ओ.पी पारीक, उप नगर नियोजक (प्रोजेक्ट) जविप्रा, जयपुर।
8. श्री मोहन लाल शर्मा, सहायक नगर नियोजक, जोन--12 जविप्रा, जयपुर।

---

एजेण्डा विवरणः–

एजेण्डा संख्याः–1

126 / 08.05.09

विषयः–बीपीसी (ले आउट प्लान) की 125 वीं बैठक दिनांक 24.04.09 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि व गत बैठकों के निर्णयों को पालना रिपोर्ट।

कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गई एवं गत बैठकों की पालना रिपोर्ट का अध्यक्ष महोदय द्वारा अवलोकन किया गया।

एजेण्डा संख्याः–2 (जोन–1)

126 / 08.05.09

विषयः–पाथेय–कण संस्थान, भूखण्ड संख्या–4, मालवीय नगर जयपुर के पैरामीटर्स स्वीकृत किये जाने के संबंध में।

वरिष्ठ नगर नियोजक (बीपीसी) द्वारा प्रकरण को समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा विचार विमर्श पश्चात् निम्न पैरामीटर्स स्वीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया:–

| | |
|---|---|
| सामने– | 12.00 मीटर |
| साईड–I | 4.5 मीटर |
| साईड–II | 4.5 मीटर |
| पीछे– | 4.5 मीटर |

आच्छादित क्षेत्रः–सैटबैक के अंदर उपलब्ध क्षेत्रफल

| | |
|---|---|
| अधिकतम ऊँचाईः– | 15.00 मीटर |
| एफ.ए.आर– | 1.00 |

एजेण्डा संख्याः–3 (जोन–9)

126 / 08.05.09

विषयः– श्री गोविन्दम एन्कलेव प्रा0 लि0 के प्रेम सागर योजना के भूखण्ड संख्या 115, 116, 117, 118, 119, 119ए, 119बी के पुर्नगठन के संबंध में।

वरिष्ठ नगर नियोजक (बीपीसी) द्वारा प्रकरण को समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा विचार विमर्श पश्चात् भूखण्ड संख्या 115, 116, 117, 118, 119, 119ए, 119बी के भूखण्डों का पुर्नगठन स्वीकृत कर निम्न पैरामीटर्स स्वीकृत करने का निर्णय लिया गयाः–

सैटबैकः–

| | |
|---|---|
| 1. सामने 60' सडक की ओर (दक्षिण) | 40'–0" |
| 2. सामने 40' सडक की ओर (पूर्व) | 40'–0" |
| 3. सामने 60' सडक की ओर (पश्चिम) | 40'–0" |
| 4. पीछे उत्तर की ओर | तालिका "च" के अनुसार |
| आच्छादित क्षेत्रफल– | योजना के अनुसार या भवन विनियम के अनुसार जो भी कम हो। |

अन्य मानदण्ड जयपुर विकास प्राधिकरण विनियम 2000 व समय–समय पर राज्य सरकार के आदेशानुसार देय होगें।

पुर्नगठित भूखण्ड का क्षेत्रफल 1500 वर्ग गज से अधिक है इसलिये राज्य सरकार की स्वीकृति लिया जाना है।

एजेण्डा संख्याः–4 (जोन–9)

126/08.05.09

विषयः–श्री संतोषम एन्कलेव प्रा0 लि0 ने प्रेम सागर योजना के भूखण्ड संख्या 68, 69, 78, 79, 70, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 77 के पुर्नगठन के संबंध में।

वरिष्ठ नगर नियोजक (बीपीसी) द्वारा प्रकरण को समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा विचार विमर्श पश्चात् प्रकरण को निम्न पैरामीटर्स के अनुसार भूखण्ड संख्या 68 से 79 तक के प्रेम सागर योजना के भूखण्डों को पुर्नगठित किये जाने का निर्णय लिया गयाः–

सैटबैकः–

| | |
|---|---|
| 1. सामने 60' सडक की ओर | 40'–0" |
| 2. सामने 40' सडक की ओर | 40'–0" |
| 3. सामने 40' सडक की ओर | 40'–0" |
| 4. पीछे उत्तर की ओर | तालिका "च" के अनुसार |
| आच्छादित क्षेत्रफल– | योजना के अनुसार या भवन विनियम के अनुसार जो भी कम हो। |

अन्य मानदण्ड जयपुर विकास प्राधिकरण विनियम 2000 व समय–समय पर राज्य सरकार के आदेशानुसार देय होगें।

पुर्नगठित भूखण्ड का क्षेत्रफल 1500 वर्ग गज से अधिक है इसलिये राज्य सरकार की स्वीकृति लिया जाना है।

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से निम्न अतिरिक्त एजेण्डा पर विचार विमर्श कर निम्नानुसार निर्णय लिया गया।

अतिरिक्त एजेण्डा संख्याः–1 (जोन–12)

126/08.05.09

विषयः– निजी खातेदार की आवासीय योजना त्रिवेणी नगर ब्लॉक सीडी के वाणिज्यिक भूखण्डों में सैटबैक /क्षेत्रफल में आंशिक संशोधन कराने बाबत्।

वरिष्ठ नगर नियोजक (प्रोजेक्ट) द्वारा प्रकरण को समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा विचार विमर्श कर त्रिवेणी नगर योजना सीडी के भूखण्ड संख्या सीसी–2, सीसी–5 व सीसी–11 में त्रिवेणी नगर एवी की तरफ 10'–0" साईड सैटबैक के स्थान पर चरपेटा स्वीकृत करने का कार्योत्तर **(Post Facto Approval)** निर्णय लिया गया साथ ही भूखण्ड संख्या सीसी–1 व सीसी–6 का क्षेत्रफल 166.66 वर्ग गज के स्थान पर 150 वर्ग गज करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

सदस्य सचिव,
भवन मानचित्र समिति
(ले–आउट प्लान)
जविप्रा, जयपुर।

क्रमांक :– जविप्रा/सदस्य सचिव बीपीसी (एलपी) /प्रोजेक्ट/2009/डी– 135

दिनांक :– 13/5/09

प्रतिलिपि :–

1. अध्यक्ष, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।,
3. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त, जविप्रा, जयपुर।
4. निजी सचिव, सचिव, जविप्रा, जयपुर।,
5. निदेशक (आयोजना), जविप्रा, जयपुर।
6. अति0 आयुक्त (पूर्व) / (पश्चिम) / (एलपीसी) / (भूमि), जयपुर।
7. वरिष्ठ नगर नियोजक (प्रोजेक्ट / बीपीसी), जविप्रा, जयपुर।
8. उपायुक्त जोन.......जविप्रा, जयपुर।
9. जनसम्पर्क अधिकारी, जविप्रा, जयपुर।

सदस्य सचिव,
भवन मानचित्र समिति
(ले–आउट प्लान)
जविप्रा,जयपुर।

DC–1 14/5

DC–9 14/5/09

DC–12 14/5/09